भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा उत्पादन विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3894
11 दिसम्बर, 2019 को उत्तर के लिए

एचएएल द्वारा रणनीतिक इलेक्ट्रॉनिक्स फैक्टरी

3894. श्री राजमोहन उन्नीथन :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केरल में कासरगौड़ में हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की सामरिक इलेक्ट्रॉनिक्स फैक्टरी, जिसकी आधारशिला 23 अगस्त, 2008 को रखी गई थी, की स्थापना के क्या उद्देश्य है;

(ख) उक्त प्रयोजनार्थ कितनी निधि आवंटित की गई है और कितना व्यय हुआ; और

(ग) उक्त सामरिक इलेक्ट्रॉनिक्स फैक्टरी में अभी तक उत्पादित रक्षा संभार तंत्र का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद नाईक)

(क): केरल के कासरगौड़ में एचएएल की सामरिक इलेक्ट्रॉनिक्स फैक्टरी (एसईएफ) की स्थापना विभिन्न प्रकार के एयरबोर्न कम्प्यूटर्स को असेम्बल करने, परीक्षण करने, मरम्मत और विनिर्माण हेतु किया गया है।

(ख) : वर्ष 2008 में, कासरगौड़ में सामरिक इलेक्ट्रॉनिक्स फैक्टरी की सुविधा की स्थापना हेतु एचएएल को 67 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे जिसमें से अभी तक 61.31 करोड़ रुपये का व्यय किया जा चुका है ।

(ग) : सामरिक इलेक्ट्रॉनिक्स फैक्टरी, काशरगौड़ में विभिन्न प्रकार के लड़ाकू विमानों के लिए 1210 एयरबोर्न कम्प्यूटर्स का उत्पादन और 2237 एयरबोर्न कम्प्यूटर्स जैसे मिशन कम्प्यूटर्स, राडार कम्प्यूटर्स और डिस्प्ले प्रोसेसर्स को मरम्मत किया गया है ।

***